देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 04.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- टीआरपी बाजार को लोकतांत्रिक और आधुनिक बनाने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए नियमों में संशोधन का प्रस्ताव रखा।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने दिव्यांग मतदाताओं के बूथों को चिन्हित कर जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा का 50 सदस्यीय दल नई दिल्ली से आज शाम अपने पहले पड़ाव टनकपुर पहुंचेगा।
- प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और भूस्खलन से बाधित मार्गों को युद्धस्तर पर खोला जा रहा है।

सूचना प्रसारण मंत्रालय

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविजन रेटिंग एजेंसियों के लिए 2014 में जारी नीति दिशा–निर्देशों में संशोधन का प्रस्ताव किया है। प्रस्तावित मसौदे में मीडिया घरानों के लिए कुछ प्रतिबंधात्मक प्रावधानों को भी हटा दिया गया है, ताकि देश में टेलीविजन दर्शकों की माप प्रणाली को लोकतांत्रिक और आधुनिक बनाया जा सके। वर्तमान में टीवी रेटिंग प्रदान करने वाली एक मात्र एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल – बार्क है।

प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य टीवी रेटिंग के क्षेत्र में कई एजेंसियों के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। मौजूदा नियम 2014 के हैं, जो अब पुराने हो चुके हैं। भारत में लगभग 23 करोड़ घरों में टेलीवीजन हैं, लेकिन केवल 58 हज़ार घरों से डाटा लिया जाता है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने दिव्यांग मतदाताओं के बूथों को चिन्हित कर जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समाज कल्याण विभाग हर तीन माह में नए दिव्यांग मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराने को भी कहा। सचिवालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में सुगम मतदान के लिए राज्य स्तरीय प्रचालन समिति की बैठक हुई। डॉ पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर आयोग की ओर से दी जाने वाली ''न्यूनतम सुविधाओं'' को सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जाएं। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि विभाग में दर्ज दिव्यांग पेंशनधारकों को मतदाता सूची में शत–प्रतिशत पीडब्ल्यूडी श्रेणी में शामिल कराने के दृष्टिगत 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर हर तीन माह में अपडेटेड सूची निर्वाचन विभाग को उपलब्ध करा दी जाए। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी मतदाताओं का चिन्हिकरण कर उनके पोलिंग बूथ के अनुसार उन्हें ''न्यूनतम सुविधाओं'' पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य निर्वाचन

अधिकारी ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान को ब्रेल आधारित मतदाता जागरुकता सम्बंधी प्रचार सामग्री तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि आयोग का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों की ओर से पोलिंग बूथों पर दी जाने वाली न्यूनतम सुविधाओं जैसे – रैम्प, व्हील चेयर, सुविधानुसार शौचालय, पीने का पानी, शेड, बैठने आदि की सुविधा आदि के आभाव को दूर करना है।

<u>पद्‌मश्री राधा बहन</u>

प्रख्यात गांधीवादी समाजसेवी राधा बहन को केंद्र सरकार की ओर से दिए गए पद्‌मश्री सम्मान को औपचारिक रूप से उनके कौसानी स्थित लक्ष्मी आश्रम में प्रदान किया गया है। स्वास्थ्य कारणों के चलते वे सम्मान ग्रहण करने दिल्ली नहीं जा सकी थीं। अल्मोड़ा के जिलाधिकारी ने आश्रम पहुंचकर उन्हें यह सम्मान सौंपा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आश्रम में अध्ययनरत बालिकाओं से संवाद किया और उन्हें राधा बहन के विचारों और जीवन–शैली से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने की सीख दी। इस दौरान आश्रम मार्ग में एक स्थान पर पेड़ों की कटाई और भूमि कटाव को देखकर जिलाधिकारी ने चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

<u>ईपीएफओ</u>

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त सिद्धार्थ सिंह ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के हल्द्वानी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पंजीकृत कुमाऊँ मण्डल के सभी नियोक्ताओं और कामगारों से रोजगार से जुड़ी नवीनतम एम्प्लायमेंट लिंक्ड इंसेंटिवयोजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने नियोक्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नियोजित कर्मचारियों का इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण अवश्य करवाएं।

<u>कैलाश मानसरोवर यात्रा</u>

पांच साल बाद फिर से शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा का 50 सदस्यीय दल का पहला पड़ाव चम्पावत जिले के टनकपुर में होगा। दिल्ली से चले इस दल का आज शाम को उत्तराखंड के पारंपरिक रीति–रिवाज से स्वागत किया जाएगा। वहीं, यात्रा को लेकर चम्पावत जिले में सभी तैयारी पूरी कर दी गई हैं। जिला पर्यटन विकास अधिकारी बलवंत सिंह  कपकोटी ने बताया कि लम्बे समय बाद शुरू हो रही कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला दल आज सुबह दिल्ली से शुरू होकर शाम को टनकपुर पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि कल 5 जुलाई को दल अगले पड़ाव पिथौरागढ़ जिले के धारचूला के लिए रवाना होगा।

मौसम

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश और भूस्खलन से कुछ मुख्य मार्गों सहित ग्रामीण इलाकों के कई मार्ग बाधित हैं। सभी मार्गों को युद्धस्तर पर खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। केदारनाथ धाम की ओर जाने वाला पैदल मार्ग गौरीकुण्ड से लगभग एक किलोमीटर आगे छड़ी गदेरे पर बाधित है। जिला प्रशासन इस मार्ग को तेजी से सुचारू करने में जुटा है। फिलहाल जिला पुलिस, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों द्वारा तीर्थयात्रियों को दोनो छोरों से सुरक्षित ढंग से पार करवाया जा रहा है। उधर, उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनास के पास भू–धसाव के कारण सड़क का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित है। वहीं, गंगोत्री राजमार्ग पर पापड़ गाड़ के पास भी भू–धसाव हुआ है। सीमा संड़क संगठन और लोक निर्माण विभाग की टीमें सड़क सुधार कार्य में जुटी हुई हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार, मौसम के अनुरूप यात्रा का संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी यात्रियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस बीच, मौसम विभाग ने सात जुलाई तक प्रदेश में बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने बागेश्वर में आज भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। यह स्थिति अगले तीन दिनों तक बनी रहेगी।

जिलाधिकारी निरीक्षण पौड़ी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण और सुचारु ढंग से संपन्न कराने को लेकर पौड़ी जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट ने आज कोट विकासखंड पहुंचकर पंचायत चुनाव की तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने चुनाव से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित चुनाव अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल को जल्द से जल्द तैयार किया जाए, ताकि समय पर सभी प्रक्रियाएं संपन्न हो सकें। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया का भी मौके पर निरीक्षण किया और निर्वाचन से जुड़े सभी कर्मचारियों को जिम्मेदारियों के प्रति सजग और सतर्क रहने के निर्देश दिये। इसके बाद श्री शेट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोट का भी दौरा किया और चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में साफ–सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

जर्जर विद्यालय बागेश्वर

बागेश्वर जिले में शिक्षा विभाग ने 11 जर्जर विद्यालय चिह्नित किए हैं। विभाग ने इन विद्यालयों की कक्षाओं के संचालन के लिए वैकल्पिक स्थान का चयन कर लिया है। इसके तहत कपकोट के छह विद्यालयों को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है। जिले के कपकोट ब्लॉक में 61, बागेश्वर के 21 और गरुड़ के 45 विद्यार्थियों के लिए विद्यालय से अन्यत्र वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

सारा बैठक चमोली

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट में स्प्रिंग एण्ड रीवर रिजुविनेशन अथारिटी– सारा की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सभी रेखीय विभागों को जिले में जल संरक्षण और संवर्द्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की क्षमता वृद्धि के साथ दीर्घकालिक योजनाएं बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सारा योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के प्रस्तावों के साथ ही मोथूगाड़ और चन्द्रभागा गदेरों में प्रस्तावित योजनाओं को तत्काल अनुमोदित करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को जल स्रोतों, नदियों और जलाशयों के संरक्षण व संवर्द्धन के कार्यों में तेजी लाने को कहा है। जिलाधिकारी ने बदरीनाथ और केदारनाथ वन प्रभाग के अधिकारियों को सारा योजना के निर्धारित प्रारुप में विस्तृत परियोजना रिपोर्अ तैयार कर प्रस्तुत करने की बात भी कही।